तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 23 जुलाई 2026

12 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने वेतनमान...



11 बीएसपी की खदानों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत ..





## खबर संक्षेप



### 37 पाव अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**डौंडीलोहारा।** पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी डौंडीलोहारा के पर्यवेक्षण में जिले में अवैध शराब, जुआ एवं सट्टा के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना देवरी पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि देवरी बंगला (मारी बंगला) स्थित कबरा रोड के पीछे एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेच रहा है। सूचना के आधार पर थाना देवरी पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर मौके पर दबिश दी और आरोपी अरविंद साहू (28 वर्ष), पिता नकुल राम साहू, निवासी देवरी मारी बंगला, थाना देवरी, जिला बालोद को अवैध शराब बेचते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 37 पाव देशी प्लेन शराब (कुल 6.660 बल्क लीटर) तथा बिक्री से प्राप्त 300 रुपये नकद बरामद किए गए। जब्त शराब एवं नगदी का कुल मूल्य 3,260 रुपये आंका गया। आरोपी शराब रखने एवं बिक्री संबंधी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर उसके विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 2015 की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि 'मिशन नवचेतना' के तहत जिले में अवैध शराब, नशीले पदार्थों, जुआ और सट्टा के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

### ठेकेदार का सामान पार

**भिलाई।** अज्ञात ठेकेदार का सारा सामान पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि ग्राम चंदखुरी भाठा निवासी रमाशंकर साहू ठेकेदारी का काम करता है। जिसका काम वृद्धा आश्रम पुलगांव मे चल रहा था। 20 जुलाई की शाम काम बंद कर स्टोर रुम में ताला जड़कर घर निकल गया। 21 जुलाई की सुबहआश्रम साईड में पहुंचने पर पता चला कि स्टोर रुम का ताला टुटा पड़ा मिला। अंदर जाकर देखने पर ब्रेकर मशीन बडा , एक नग लोहे काटने का कटर मशीन , केबल वायर थ्रीफेस लगभग 150 मीटर , 3 नग बोर्ड वायर लंबाई लगभग 100 मीटर , लोहे का छोटा टुकडा (स्क्रै प) पुराना इस्तेमाल 30 हजार रुपए का गायब मिला। शिकायत पुलिस से की गई है।

### बाइक सवार बीएसपी कर्मी को हाइवा ने ठोका, मौत

**भिलाई।** सोमवार की रात अज्ञात हाइवा की ठोकर से बीएसपी कर्मी की मौत मौके पर हो गई। घटना सेक्टर 5 चौक के पास की है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि जेपी चौक के पास तेज रफ्तार से आ रही डम्पर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सीजी 04 एलएच 3204 में सवार खुर्सीपार निवासी श्याम राव की मौके पर मौत हो गई वे बीएसपी कर्मी था। सोमवार को वे अपने दो दोस्तों के साथ मरोदा स्थित अपने ससुराल गए थे। लौटकर उन्हें नाइट ड्यूटी पर जाना था। लेकिन उनके साथ सड़क हादसा होने से मौत हो गई। बाइक पर मृतक एक बाइक पर तीन लोग सवार थे। हादसे दो युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। मृतक श्याम के शव को पीएम के लिए मरचूरी रवाना किया गया। बताया गया है कि हादसे के बाद हादसे के बाद हाइवा चालक मौके से फरार हो गया।

# तीन दिनों की झमाझम बारिश से किसानों के खिले चेहरे, धान रोपाई ने पकड़ी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

क्षेत्र में रविवार से लगातार हो रही बारिश ने किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी है। पिछले तीन दिनों से दिन-रात रुक-रुक कर हो रही वर्षा के कारण खेतों में पर्याप्त पानी भर गया है, जिससे धान की रोपाई का कार्य तेज गति से शुरू हो गया है।

लंबे समय से अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के लिए यह वर्षा किसी वरदान से कम नहीं है। लगातार हो रही बारिश से असिंचित खेतों में भी पानी की पर्याप्त उपलब्धता हो गई है। जिन खेतों में पानी की कमी के कारण रोपाई का कार्य रुका हुआ था, वहां अब किसान पूरे परिवार के साथ खेतों में उतरकर रोपाई में जुट गए हैं। खेतों में ट्रैक्टर, बैल और कृषि यंत्रों की आवाजाही बढ़ गई है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में खेती-किसानी की रौनक लौट आई है। बारिश का सबसे अधिक लाभ छोटे और सीमांत किसानों को मिला है, जो सिंचाई के लिए पूरी तरह प्राकृतिक वर्षा पर निर्भर रहते हैं। पर्याप्त पानी मिलने से धान की फसल के बेहतर उत्पादन की उम्मीद भी बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में भी इसी तरह संतुलित वर्षा होती रही तो इस वर्ष अच्छी पैदावार मिलने की पूरी संभावना है। इधर, लगातार हो रही वर्षा से क्षेत्र के छोटे-बड़े तालाबों, एनीकटों और बांधों में भी तेजी से जलभराव हो रहा है। जलाशयों का बढ़ता जलस्तर आने वाले महीनों में सिंचाई और पेयजल व्यवस्था के लिए राहत देने वाला माना जा रहा है।

## असिंचित खेतों तक पहुंचा पर्याप्त पानी



### बेहतर उत्पादन की संभावनाएं

कई नालों और छोटी नदियों में भी पानी का बहाव बढ़ गया है, जिससे भू-जल स्तर में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। मौसम में आई ठंडक से लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली है। हालांकि लगातार बारिश के कारण कुछ कच्चे मार्गों पर कीचड़ और जलभराव की स्थिति भी बनी हुई है, फिर भी ग्रामीणों का कहना है कि खेती के लिए यह बारिश अत्यंत लाभदायक साबित हो रही है। कृषि विशेषज्ञों का भी मानना है कि समय पर हुई यह वर्षा खरीफ फसलों, विशेषकर धान की खेती के लिए बेहद अनुकूल है और इससे जिले में बेहतर उत्पादन की संभावनाएं मजबूत हुई हैं।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग, बारिश के बीच कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

# नीट पेपर लीक और नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, पीएम मोदी का पुतला फूंका





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नीट पेपर लीक, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित सांसदों एवं वरिष्ठ नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन किया।

इस दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की गई और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। इस दौरान लगातार हो रही बारिश भी कांग्रेसियो के आक्रोश को ठंडा नही कर सकी। जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने कहा कि देश का युवा आज अपने भविष्य की सुरक्षा के लिए संघर्ष कर रहा है, जबकि केंद्र की भाजपा सरकार युवाओं के सपनों और मेहनत के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि करोड़ों छात्रें की मेहनत और उनके परिवारों की उम्मीदों को नीट पेपर लीक ने गहरा आघात पहुंचाया है। केंद्र सरकार जवाबदेही तय करने के बजाय अपनी विफलताओं पर पर्दा डालने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि जब छात्र अपने भविष्य की सुरक्षा और निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे, तब उनकी बात सुनने के बजाय उन पर लाठियां बरसाई गईं। संजारी–बालोद विधायक एवं महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष संगीता सिन्हा ने कहा कि यदि नीट परीक्षा में हुई कथित अनियमितताओं और पेपर लीक के कारण देशभर के छात्रें का विश्वास टूटा है, तो इसकी नैतिक जिम्मेदारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े होने के बाद उनका पद पर बने रहना उचित नहीं है। गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि छात्रें के समर्थन में आवाज उठाने वाले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं को हिरासत में लेना केंद्र सरकार की असहिष्णुता और विपक्ष की आवाज को दबाने की प्रवृत्ति को दर्शाता है।

■ युवाओं के भविष्य और निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था की रक्षा के लिए आंदोलन जारी रखने का ऐलान

### नैतिक जिम्मेदारी कब स्वीकार करेंगे

कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार से सवाल करते हुए पूछा कि नीट पेपर लीक के लिए जिम्मेदार लोगों पर अब तक क्या कार्रवाई हुई, छात्रें पर लाठीचार्ज का आदेश किसने दिया, युवाओं की आवाज उठाने वाले नेताओं को हिरासत में क्यों लिया गया, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपनी नैतिक जिम्मेदारी कब स्वीकार करेंगे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह लड़ाई केवल एक परीक्षा की नहीं, बल्कि देश के युवाओं के भविष्य, शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा की लड़ाई है। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से विकास चोपड़ा, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष रामजी भाई पटेल, पुरुषोत्तम पटेल, महामंत्री धीरज उपाध्याय, ब्लॉक अध्यक्ष अंचल प्रकाश साहू, नरेंद्र सिन्हा, जीवन बंदे, राजकुमार प्रभाकर, नपा नेता प्रतिपक्ष कासिमुद्दीन कुरैशी, पार्षद विनोद बंटी शर्मा, सुमित शर्मा, अनिल यादव, कमलेश श्रीवास्तव, वैभव साहू, दाऊद खान, कमल टुवानी, रविप्रकाश यादव, शहर अध्यक्ष साजन पटेल, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष पद्मिनी साहू, वैभव शर्मा, अवधेश सिंग सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# डौंडीलोहारा में अवैध कृषि सामग्री पैकेजिंग का भंडाफोड़, गोदाम सील





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार एवं कृषि विभाग के उप संचालक आशीष चन्द्राकर के मार्गदर्शन में कृषक हित में एक बड़ी कार्रवाई की गई। जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा 21 जुलाई को डौंडीलोहारा विकासखंड के ग्राम बीजाभाठा स्थित मेसर्स मारूति एग्रो बायोटेक के गोदाम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण दौरान मेसर्स मारूति एग्रो बायोटेक, प्रोप्राइटर भारती चन्द्राकर के गोदाम में अवैध रूप से कृषि आदान सामग्री के भंडारण एवं पैकेजिंग का कार्य पाया गया। निरीक्षण दल द्वारा गोदाम से भारी मात्रा में सामग्री जब्त कर उसे सील कर दिया गया है। कृषि विभाग के उपसंचालक आशीष चन्द्राकर ने बताया कि मेसर्स मारूति एग्रो बायोटेक के गोदाम में अवैध रूप से पैकेजिंग का कार्य किया जा रहा था। गोदाम में 10 किलोग्राम पैकिंग बाल्टी, 1305 भू लक्ष्मी, महासार जैव उत्प्रेरक 500 मि.ली. पैकिंग 2880 नग, वीएजीएमआई प्रोम 08 किलोग्राम पैकिंग, 5129 बोरी (40 किलोग्राम), 153 बोरी (08 किलोग्राम) खुला पाया गया। साथ ही 1880 बोरी (50 किग्रा. पैकिंग) कच्चा माल कृषि सामग्री पाया गया। इसके अलावा पैकिंग मशीन–07 नग, तोलक–11 नग, बोरी सिलाई मशीन 03 नग पाया गया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण दल द्वारा उक्त कृषि सामग्रियों का नमूना लेकर गुणवत्ता जांच हेतु प्रयोगशाला को प्रेषित करने की कार्यवाही की जा रही है। गोदाम परिसर में मारूति एग्रो बायोटेक संचालक प्रतिनिधि नितिश चन्द्राकर, अगेश्वर चन्द्राकर ग्राम अण्डा उपस्थित रहे। उन्होंने बालोद जिले के कृषकों से अपील की है कि खाद, बीज, कीटनाशक अधिकृत एवं लाइसेंसधारी विक्रेताओं से ही खरीदे और बिल अवश्य लें। किसी भी गैर लाइसेंसधारी या घूमंतू लोगों के संपर्क में न पड़े। इसके अलावा कृषकों के हितों से खिलवाड़ करने वाले लोगों के विरूद्ध निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

■ निरीक्षण दल ने बड़ी मात्रा में कृषि आदान सामग्री व पैकेजिंग मशीनें जब्त कीं

# देवरी पुलिस की त्वरित कार्रवाई से टला विवाद, सात आदतन उपद्रवियों पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

देवरी पुलिस की तत्परता से समय रहते स्थिति पर पूर्ण नियंत्रण पाया गया। जिसमे अशांति फैलाने एवं कानून–व्यवस्था भंग करने की आशंका पर 07 आदतन विवादियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। सार्वजनिक शांति बनाए रखने हेतु बीएनएसएस की धाराओं के तहत कार्रवाई, आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून–व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से बालोद पुलिस द्वारा असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना देवरी पुलिस द्वारा ग्राम मारी बंगला में अवैध जुआ, सट्टा एवं शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा था। अभियान के दौरान कुछ आदतन शराबियों एवं छोटी–छोटी बातों पर विवाद, गाली–गलौज एवं मारपीट करने वाले व्यक्तियों द्वारा आपसी विवाद उत्पन्न कर क्षेत्र का माहौल तनावपूर्ण बना दिया गया। स्थिति को देखते हुए आसपास लोगों की भीड़ एकत्र होने लगी तथा सार्वजनिक शांति भंग होने की आशंका उत्पन्न हो गई। सूचना मिलते ही थाना देवरी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थिति को पूरी तरह नियंत्रित कर लिया। पुलिस की सतर्कता, सूझबूझ एवं त्वरित हस्तक्षेप से किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना एवं संभावित विवाद को समय रहते टाल दिया गया।सार्वजनिक शांति एवं कानून–व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से अशांति फैलाने की आशंका रखने वाले 07 आदतन विवादियों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170, 126 एवं 135(3) के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया तथा उन्हें न्यायालय (सीडीएम), डौण्डीलोहारा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बालोद पुलिस ने आम नागरिकों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। कानून का पालन करने वालों की सुरक्षा एवं कानून तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई करना बालोद पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

■ मारी बंगला में शांति भंग की आशंका पर पुलिस ने तत्काल संभाली स्थिति

# नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के आरोप में पिता पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

कलयुगी बाप एक साल तक अपनी ही नाबालिग बच्ची को एक साल से भी अधिक समय से अपनी हवश का शिकार बनाता रहा। डरी सहमी बच्ची अपने पिता के आतंक को सहती रही जब अत्याचार बढ़ा तब हिम्मत कर अपनी मां को अपने पिता की करतूत बताई।

आहत मां ने अपने पति के खिलाफ गुण्डरदेही थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। मामले में बी.एन.एस की धारा 65 (1), 64 (2)(एम), 64 (2)(एफ), 351 (3), लैगिग अपराधो से बालिका का संरक्षण अधिनियम धारा 06 के तहत अपराध पंजीबद्व कर लिया है। जिले के गुण्डरदेही थाना क्षेत्र के एक ग्राम में समाज एवं रिश्ते को शर्मशार करने वाली घटना सामने आई है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार मां प्रतिदिन मजदूरी करने 50 किलोमीटर दूर मरौदा जाती है, बाप कभी कभी मजदूरी करने जाता है, अधिकतर घुमते रहता है। घर में बेटी अपने दो भाई के साथ ही रहती थी। दोनो भाई जब खेलने या अन्य काम से घर से बाहर जाते थे तब घर में बेटी अकेली हो जाती थी, इस सुनेपन का लाभ उठाकर कलयुगी बाप ने अपनी 14 साल की बेटी को धमकाकर उसके साथ अनाचार किया। यह क्रम बीते एक साल से भी अधिक समय से चल रहा था। कल 21 जुलाई को बाप ने बेटी के साथ फिर अनाचार करने का प्रयास किया तो बेटी ने भाग के ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ एक वर्ष से अधिक समय तक यौन शोषण का आरोप

# कुसुमकसा के 80 राशन कार्डधारी अप्रैल माह के खाद्यान्न से वंचित, समाधान की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

कुसुमकसा की शासकीय उचित मूल्य दुकान से जुड़े लगभग 80 गरीबी रेखा के राशन कार्डधारी अप्रैल माह का खाद्यान्न नहीं मिलने से परेशान हैं। हितग्राहियों को मई, जून और जुलाई माह का राशन तो मिल गया, लेकिन अप्रैल का चावल अब तक नहीं मिलने से वे लगातार राशन दुकान के चक्कर लगा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार शासन के निर्देशानुसार तीन माह का खाद्यान्न एकमुश्त वितरित किया जा रहा था। इसी दौरान राशन सामग्री के विलंब से पहुंचने तथा पीओएस मशीन और सर्वर की तकनीकी समय-सीमा समाप्त हो जाने के कारण अप्रैल माह के खाद्यान्न वितरण का विकल्प अचानक बंद हो गया। इसके चलते लगभग 80 गरीब, मजदूर एवं पात्र परिवार अप्रैल माह का राशन प्राप्त नहीं कर सके। शांतिबाई, कुमारीबाई, चमरीन बाई, दुलोरिन बाई, सरस्वती बाई और सोनकुंवर सहित कई हितग्राहियों ने बताया कि अप्रैल का राशन नहीं मिलने से उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। राशन दुकान से उन्हें बार-बार यही जानकारी दी गई कि उच्च स्तर से तकनीकी सुधार होने के बाद ही खाद्यान्न वितरित किया जा सकेगा। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने सुशासन तिहार के जनसमस्या निवारण शिविर में भी इस संबंध में आवेदन दिया था, लेकिन दो माह बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने शासन-प्रशासन से पीओएस ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ उच्च कार्यालय को भेजी गई जानकारी, विकल्प खुलते ही होगा वितरण : खाद्य निरीक्षक

## शिक्षा मंत्री से की मुलाकात भी किया

# कोडिया स्कूल के विद्यार्थियों ने विधानसभा की कार्यवाही का किया प्रत्यक्ष अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कोडिया के जूनियर रेड क्रॉस के कक्षा 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के कुल 15 छात्र-छात्राओं ने रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विधानसभा की कार्यवाही को दर्शक दीर्घा में बैठकर प्रत्यक्ष रूप से देखा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को करीब से समझने का अवसर प्राप्त किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने कहा कि अब तक वे विधानसभा की कार्यवाही केवल पुस्तकों, टीवी और समाचारों में देखते और पढ़ते थे, लेकिन पहली बार सदन की कार्यवाही को सामने से देखकर उन्हें लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को समझने का अनूठा अनुभव मिला। उन्होंने विधानसभा भवन परिसर का भ्रमण किया तथा मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, विपक्ष के नेता और मंत्रिमंडल के सदस्यों को भी करीब से देखने का अवसर प्राप्त किया।

■ 15 छात्र-छात्राओं ने सदन की कार्यवाही देख लोकतांत्रिक प्रक्रिया को करीब से समझा





इस अवसर पर विद्यार्थियों की शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से भी आत्मीय मुलाकात हुई। मंत्री ने छात्र-छात्राओं से उनकी पढ़ाई और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ आदिवासी संग्रहालय का भी अवलोकन किया। इस शैक्षणिक भ्रमण का श्रेय दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर को जाता है, जिनकी पहल पर यह आयोजन संभव हुआ। उन्होंने विधानसभा परिसर में ही सभी छात्र-छात्राओं के लिए भोजन की भी व्यवस्था कराई।

ग्राम सरपंच खुमान निषाद ने विद्यार्थियों के सुरक्षित आवागमन की लगातार जानकारी लेते हुए पूरे भ्रमण के दौरान उनकी कुशलक्षेम पर नजर रखी। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं समुचित व्यवस्था शाला के प्राचार्य नीलमणि उजवने, जूनियर रेड क्रॉस प्रभारी दानेश्वरी सिन्हा एवं सहयोगी व्याख्याता रीना पिलोदिया ने संयुक्त रूप से की। इस अवसर पर संस्था के सभी शिक्षकों ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

**खबर संक्षेप**



## भिलाई इस्पात संयंत्र में 40 प्रशिक्षुओं को मिला औद्योगिक प्रशिक्षण

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) के मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास (एचआर-एल एंड डी) विभाग द्वारा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के तहत चयनित 40 प्रशिक्षुओं प्रशिक्षुओं को बीएसपी की कार्यप्रणाली, उत्पादन प्रक्रिया, औद्योगिक सुरक्षा, कार्यस्थल अनुशासन तथा संगठनात्मक कार्य संस्कृति की जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षुओं ने संयंत्र की प्रमुख उत्पादन इकाइयों का अवलोकन कर विभिन्न औद्योगिक प्रक्रियाओं व आधुनिक उत्पादन प्रणालियों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया।यह कार्यक्रम मेंमहाप्रबंधक प्रभारी संजीव कुमार श्रीवास्तव सुष्मिता पाटला, सेक्शन अधिकारी स्वतंत्र कुमार, मनीष कुमार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## चावल के लिए भटक रहे एपीएल कार्डधारी बढ़ी परेशानी

**भिलाई।** राशन दुकानों (सोसायटियों) में एपीएल के हितग्राहियों को चावल लेने के लिए भटकना पड़ रहा है। चावल नहीं होने के कारण कई लोग बैरंग लौट रहे हैं। इस मामले में खाद्य विभाग उदासीन बना हुआ है। पिछले तीन महीने से पटरीपार व टाउशिप की कई सहकारी राशन दुकानों में एपीएली कार्डधारियों को निराश होना पड़ रहा है। हितग्राहियों ने बताया कि अपने पास व आसपास की सोसाटियों में जाने पर संचालक द्वारा इस माह का चावल नही आने की बात कह बैरंग लौटाया जा रहा है। पिछले तीन महीने से यह सिलसिला चल रहा है। चावल नहीं मिलने की समस्या सेक्टर 6,7 रिसाली व सुपेला रामनगर व खुर्सीपार आदि में कई सोसायटियों में बनी हुई है। उपभोक्ता चावल नहीं उठा पा रहे हैं या फिर भटकते हुए दूर के अन्य वार्डों की राशन दुकानों से चावल ले रहे हैं। वहीं कई सोसायटियों केवाईसी के नाम पर भी लौटाया जा रहा है। दो माह पूर्व बीबीएल को तीन महीने का चावल एक साथ दिया जा रहा था, तब भी एपीएल कार्डधारियों को बैरंग लौटना पड़ रहा था।

## स्मार्ट मीटर से जनता परेशान : मुकेश साहू

**दुर्ग।** बढ़ते बिजली के बिल को लेकर आम जनता परेशान है। कांग्रेस इसे लेकर जल्द बड़ा प्रदर्शन करेगी। जिला शहर कांग्रेस के महामंत्री मुकेश साहू ने कहा कि बढ़ते बिजली बिलों के कारण आम एवं गरीब परिवारों का जीवन कठिन होता जा रहा है। प्रदेश के अनेक गांवों और कस्बों में लोगों को प्रति माह 3,000 से 5,000 रुपये तक के बिजली बिल मिल रहे हैं। स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में वृद्धि देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि एक ओर राज्य सरकार महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत प्रति माह 1,000 रुपए की सहायता राशि प्रदान कर रही है, वहीं दूसरी ओर बिजली बिलों के माध्यम से आम परिवारों से कई गुना अधिक राशि वसूली जा रही है।

### बीएसपी प्रबंधन ने मांगों पर कार्रवाई का दिया भरोसा

# लिखित आश्वासन के बाद जन मुक्ति मोर्चा का आंदोलन समाप्त, श्रमिकों की प्रमुख मांगों पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

- दल्ली माइंस के दोनों गेटों पर दिनभर चला धरना, बारिश के बीच हजारों श्रमिक रहे डटे

लौह अयस्क समूह (आईओसी) राजहरा की विभिन्न खदानों में कार्यरत ठेका श्रमिकों की लंबित मांगों को लेकर जन मुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ द्वारा बुधवार को दल्ली माइंस के गेट क्रमांक-1 एवं 2 पर किया गया अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन प्रशासन और बीएसपी प्रबंधन के लिखित आश्वासन के बाद समाप्त हो गया। संगठन ने दावा किया कि लगातार हो रही तेज बारिश के बावजूद हजारों श्रमिक पूरे दिन आंदोलन स्थल पर डटे रहे, जिसके चलते अंततः प्रबंधन को उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेने के लिए सहमत होना पड़ा।

जन मुक्ति मोर्चा के अनुसार, आंदोलन की तैयारी मंगलवार रात से ही शुरू कर दी गई थी। बुधवार सुबह लगभग चार बजे से बड़ी संख्या में श्रमिक दल्ली माइंस के दोनों प्रवेश द्वारों पर एकत्र होकर प्रदर्शन में शामिल हुए। भारी बारिश के बावजूद आंदोलन पूरे दिन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से जारी रहा। आंदोलन के दौरान प्रशासन की ओर से तहसीलदार की मौजूदगी में बीएसपी के अधिकारियों तथा श्रम विभाग के प्रतिनिधियों के साथ जन मुक्ति मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल की वार्ता हुई। इस दौरान संगठन ने श्रमिकों की लंबित समस्याओं और 21 जुलाई को सौंपे गए ज्ञापन में शामिल मांगों को विस्तार से रखा। इसके बाद प्रशासन ने उच्च अधिकारियों से चर्चा कर समाधान का भरोसा दिलाया।





दोपहर बाद प्रबंधन और प्रशासन की ओर से जन मुक्ति मोर्चा को लिखित आश्वासन सौंपा गया। आश्वासन में 21 जुलाई को प्रस्तुत ज्ञापन में शामिल सभी मांगों पर नियमानुसार कार्रवाई करने तथा नियमों के विरुद्ध कार्य करने वाले संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही गई। लिखित आश्वासन मिलने के बाद संगठन ने शाम लगभग चार बजे आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से ठेका श्रमिकों को तत्काल सुरक्षा प्रशिक्षण देने, ठेका कार्यों में निधन, सेवानिवृत्ति अथवा अन्य कारणों से रिक्त हुए पदों पर नए श्रमिकों की शीघ्र नियुक्ति करने, जगन्नाथ स्टील प्लांट में पूर्व समझौते के अनुसार श्रमिकों को रोजगार देने, देव माइनिंग कंपनी में समान कार्य के लिए समान वेतन लागू करने तथा ग्रेवेटी ट्रेक्सिम प्राइवेट लिमिटेड (शारदा) में श्रमिकों को कार्य उपलब्ध कराने की मांग शामिल थी। आंदोलन में जन मुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ के जीत गुहा नियोगी, बसंत रावटे, मूलचंद चंदेल, नवल चंद्राकर, ईश्वर भूआर्य, राव बाबू चंद्रशेखर यादव, तुलसी मरकाम (सर्व आदिवासी समाज एवं कारूटोला सरपंच), दीपक सहारे (छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना) सहित बड़ी संख्या में श्रमिक एवं संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बालोद में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित, आपदा से निपटने प्रशासन पूरी तरह सतर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- जिला व अनुविभाग स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति, 24 घंटे संचालित रहेगा नियंत्रण कक्ष

छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रलय के निर्देशानुसार जिले में दैवीय विपत्ति एवं प्राकृतिक आपदा की घटनाओं से बचाव एवं राहत कार्यों के सुचारू संचालन हेतु बालोद जिले में जिला एवं अनुविभाग स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इसके अंतर्गत संयुक्त जिला कार्यालय में जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिला एवं अनुविभाग स्तरीय नोडल अधिकारियों के अलावा सभी अधिकारी–कर्मचारियों को पूरे समय में मुस्तैद रहकर बाढ़ आपदा के कारण उत्पन्न किसी भी स्थिति में आम जनता को तत्काल मदद उपलब्ध कराने हेतु त्वरि कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी देने या प्राप्त करने हेतु जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 07749–223950 पर संपर्क की जा सकती है। इसके साथ ही किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई हेतु अपर कलेक्टर अजय किशोर लकड़ा को नोडल अधिकारी तथा जल संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी केएल. नेताम को बाढ़ नियंत्रण कक्ष का प्रभारी अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा नियंत्रण कक्ष में 24 घंटे पाली अनुसार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें अनुभाग एवं तहसील स्तर पर भी नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जिसके तहत अनुभाग स्तर बालोद के लिए अनुविभागीय अधिकारी नूतन कुमार कंवर मोबाइल नंबर , गुरूर के लिए रामकुमार सोनकर गुण्डरदेही के लिए प्रतिमा ठाकरे झा मोबाइल , डौंडीलोहारा के लिए शिवनाथ बघेल और डौंडी के लिए सुरेश साहू को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह तहसील स्तर पर बालोद के लिए तहसीलदार संध्या नामदेव मोबाइल नंबर , गुरूर तहसील के लिए तहसीलदार हेमंत कुमार पैकरा मोबाइल नंबर, गुंडरदेही तहसील के लिए तहसीलदार हनुमंत सिंह श्याम मोबाइल नंबर, डौंडीलोहारा तहसील के लिए तहसीलदार हिंसा राम नायक, डौंडी तहसील के लिए तहसीलदार देवेन्द्र नेताम, अर्जुन्दा तहसील के लिए तहसीलदार चन्द्रशेखर चन्द्राकर तथा मार्री बंगला देवरी के लिए प्रीतम कुमार साहू मोबाइल को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# कृषि विज्ञान केंद्र ने किसानों के लिए जारी की मौसम आधारित कृषि सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- पशुपालकों को टीकाकरण, स्वच्छता और संतुलित आहार अपनाने की सलाह
- मध्यम बारिश की संभावना को देखते हुए जल निकासी और फसल प्रबंधन पर दिया जोर

कृषि विज्ञान केंद्र बालोद ने जिले के किसानों के लिए मौसम पूर्वानुमान के आधार पर खरीफ फसलों, उद्यानिकी एवं पशुपालन संबंधी विस्तृत कृषि सलाह जारी की है। आगामी दिनों में मध्यम वर्षा एवं घने बादल छाए रहने की संभावना को देखते हुए किसानों को फसल प्रबंधन, जल निकास एवं कृषि कार्यों के संबंध में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों से खरीफ फसलों की केवल अनुशंसित एवं प्रमाणित किस्मों के बीजों का उपयोग करने का आग्रह किया है। उन्होंने धान के लिए इंद्रावती, एम.टी.यू. 1153, विक्रम टी.सी.आर. एवं छत्तीसगढ़ धान 1919, सोयाबीन के लिए आर.एस.सी. 10–46, आर.एस.सी.11–15 एवं आर.एस.सी. 11–07, अरहर के लिए छत्तीसगढ़ अरहर–1, छत्तीसगढ़ अरहर–2 एवं राजीवलोचन, मक्का के लिए पूसा हाईब्रिड–1, विवेक मक्का संकर–51 तथा मूंग के लिए पी.के.वी.ए.के.एम.–4, शिखा एवं मालवीय ज्योति जैसी उन्नत किस्मों को अपनाने की सलाह दी गई है। वहीं मूंग एवं उड़द के लिए शिखा, पूसा–105, पी.के.वी.ए.के.एम.–4, इंदिरा उड़द–1, आजाद उड़द–3, बरखा एवं बसंत बहार किस्मों की अनुशंसा की गई है।

अरहर, मूंगफली एवं मक्का की फसलों में वर्तमान मौसम को देखते हुए खरपतवारनाशी का छिड़काव फिलहाल स्थगित रखने की सलाह दी गई है। अरहर, मूंग एवं उड़द की बुवाई से पहले बीजों का राइजोबियम एवं पी.एस.बी. कल्चर तथा अनुशंसित फफूंदनाशी से बीजोपचार करने, निर्धारित कतार एवं पौधे दूरी बनाए रखने तथा संतुलित उर्वरक प्रबंधन अपनाने की सलाह दी गई है। गन्ना उत्पादक किसानों को नियंत्रण हेतु अनुशंसित कीटनाशकों का उपयोग केवल मौसम अनुकूल होने पर करने का सुझाव दिया गया है। पशुपालन के क्षेत्र में किसानों को गलघोटू एवं लंगड़ा बुखार से बचाव हेतु समय पर टीकाकरण कराने, पशुओं को जलभराव वाले स्थानों पर नहीं चराने, कृमिनाशक दवाओं का उपयोग करने तथा पशुशाला में स्वच्छता एवं उचित वेंटिलेशन बनाए रखने की सलाह दी गई है। दुग्धा पशुओं को प्रतिदिन 25 से 30 किलोग्राम हरा चारा, संतुलित सूखा चारा एवं 25 से 30 ग्राम मिनरल मिश्रण खिलाने की अनुशंसा की गई है।

मुर्गीपालकों को रानीखेत रोग से बचाव हेतु समय पर टीकाकरण कराने तथा नवजात बछड़ों को जन्म के दो घंटे के भीतर खीस (प्रथम दुग्ध) अवश्य पिलाने की सलाह दी गई है। कृषि विज्ञान केंद्र बालोद ने किसानों से अपील की है कि वे मौसम पूर्वानुमान के अनुसार ही कृषि कार्य करें। अनावश्यक रूप से खरपतवारनाशी एवं कीटनाशकों का छिड़काव न करें तथा किसी भी तकनीकी जानकारी या समस्या के समाधान हेतु कृषि विज्ञान केंद्र बालोद के कृषि वैज्ञानिकों से संपर्क कर अथवा विशेषज्ञों की सलाह प्राप्त करने हेतु टोल–फ्री किसान कॉल सेंटर 1800–180–1551 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसान आवश्यक कृषि जानकारी एवं परामर्श के लिए किसान सारथी पोर्टल का भी उपयोग कर सकते हैं।

# जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम ने विद्यालयों और स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण, कई खामियां आईं सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसुमकसा

जिला पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत की स्थायी शिक्षा समिति की सदस्य नीलिमा श्याम ने अपने क्षेत्र के खलारी, हाथीघोड़ा, टेकाढोड़ा, साल्हे, धोतिमटोला सहित विभिन्न शासकीय विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण कर शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई कमियां सामने आने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अवगत कराते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश दिए तथा प्रमुख समस्याओं को जिला प्रशासन के समक्ष उठाने की बात कही।

निरीक्षण के दौरान शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धोतिमटोला में नियमित अध्यापन में अनियमितता, विषयवार समय-सारिणी (टाइम टेबल) का अभाव, शिक्षक डायरी का अपूर्ण संधारण तथा कक्षाओं में नियमित शिक्षण कार्य प्रभावित होने जैसी कमियां सामने आईं। इसके अलावा विद्यालय में पिछले तीन वर्षों से चपरासी का पद रिक्त होने के कारण दैनिक संचालन में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



मामले को गंभीरता से लेते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी, डौंडी ने संज्ञान लिया और संबंधित संकुल प्राचार्य को दो दिनों के भीतर बिंदुवार जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए हैं।

निरीक्षण के दौरान कई विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या के अनुपात में अतिरिक्त कक्षों एवं भवनों की कमी भी सामने आई। नीलिमा श्याम ने कहा कि इन विद्यालयों के लिए अतिरिक्त भवनों की स्वीकृति हेतु जिला कलेक्टर से मांग की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि कई स्कूलों में प्रधान पाठकों के सेवानिवृत्त होने अथवा पद रिक्त होने के बाद नई नियुक्तियां नहीं होने से शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इस संबंध में भी शीघ्र नियुक्ति की मांग की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण में पाया गया कि कई भवनों की दीवारों से टाइल्स हटाए जाने के बाद आज तक मरम्मत नहीं कराई गई है, जिससे भवनों की स्थिति खराब हो रही है और बच्चों के लिए सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण प्रभावित हो रहा है। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग से शीघ्र मरम्मत कार्य कराकर भवनों को व्यवस्थित एवं उपयोग योग्य बनाने की मांग करने की बात कही। इसके अलावा क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, दवाइयों की उपलब्धता, कर्मचारियों की उपस्थिति तथा मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की भी समीक्षा की गई। जहां-जहां कमियां मिलीं, वहां संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार के लिए अवगत कराने की बात कही गई। निरीक्षण के बाद जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पर्याप्त कक्ष, नियमित शिक्षक एवं प्रधान पाठक की उपलब्धता के साथ ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आश्वस्त किया कि निरीक्षण के दौरान सामने आई सभी समस्याओं को जिला प्रशासन के समक्ष गंभीरता से उठाकर उनके शीघ्र निराकरण का प्रयास किया जाएगा।

## खेरधा में चारागाह की जमीन पर बायोगैस प्लांट की मंजूरी, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**दुर्ग।** खेरथा में प्रस्तावित बायो गैस सीएनजी प्लांट के निर्माण को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा है। सैकड़ों ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर इसे लेकर विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों के इस विरोध प्रदर्शन का कांग्रेस ने भी समर्थन किया है। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर भी मौके पर पहुंचे। ज्ञापन सौंपकर प्रस्तावित प्लांट के निर्माण पर तत्काल रोक लगाने तथा जनभावनाओं और पर्यावरणीय पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि जिस भूमि पर प्लांट स्थापित किया जा रहा है, वह वर्षों से ग्रामीणों एवं आसपास के गांवों के पशुओं के लिए महत्वपूर्ण चरागाह भूमि के रूप में उपयोग में लाई जाती रही है। इस भूमि पर निर्माण होने से पशुपालकों के सामने गंभीर संकट उत्पन्न होगा तथा पशुओं के लिए चारे की समस्या और अधिक बढ़ जाएगी। पूरी प्रक्रिया में तहसीलदार द्वारा ग्राम सभा एवं पंचायत प्रस्ताव आपति को खारिज करना सीधे तौर पर पेशा एक्ट एवं सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करना है।

# अवैध शराब और नशीले पदार्थों की बिक्री पर ग्रामीणों ने जताई चिंता

**कुसुमकसा।** कुसुमकसा क्षेत्र में अवैध शराब, गांजा एवं नशीली गोलियों की कथित बिक्री को लेकर ग्रामीणों में चिंता बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से यह गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं, जिससे युवाओं और सामाजिक वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार, गांव के गैरेजपारा क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उनका कहना है कि इससे नाबालिग एवं बेरोजगार युवाओं के नशे की ओर आकर्षित होने की आशंका बढ़ रही है। साथ ही चोरी, मारपीट और अन्य आपराधिक घटनाओं में भी वृद्धि की आशंका जताई जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि गांव का शांत माहौल प्रभावित हो रहा है और महिलाएं, विद्यार्थी तथा अन्य ग्रामीण भी इस स्थिति से परेशान हैं। उनका आरोप है कि अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं होने से शराब का अवैध कारोबार बेखौफ तरीके से संचालित हो रहा है और शराब तस्करों एवं कोचियों की संख्या बढ़ती जा रही है।

पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने शासन-प्रशासन, आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन से कुसुमकसा क्षेत्र में अवैध शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित जांच एवं सख्त कार्रवाई आवश्यक है।

### लोक कर्म विभाग की समीक्षा बैठक में विकास कार्यों की प्रगति पर सख्त नजर

# शंकरनाला किनारे अतिक्रमण, निगम ने हटाने बनाई कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- समय–सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश

नगर पालिक निगम लोक कर्म विभाग के प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम के सभी जोनों में संचालित विकास एवं निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। चन्द्राकर ने प्रत्येक कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए यह समीक्षा की कि कौन-कौन से कार्य प्रारंभ हो चुके हैं, कौन से कार्य प्रगतिरत हैं तथा किन कार्यों का कार्यादेश जारी होने के बावजूद कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। उन्होंने लंबित कार्यों के कारणों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में नियोजन एवं लोक कर्म समिति के विभिन्न विषयों पर लिए गए निर्णयों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान आरआई एवं पटवारी की मांग, शंकर नगर पानी टंकी क्षेत्र का सीमांकन एवं घेराबंदी, शंकर नाला में बोल्डर एवं गाद की सफाई के लिए स्वास्थ्य विभाग को पत्र प्रेषित करने तथा नाला किनारे हुए अवैध अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही नगर निगम के समस्त वार्डों में आंगनबाड़ी भवनों की मरम्मत, पार्षद निधि से सीसीटीवी कैमरों के संधारण एवं नए कैमरे लगाने, निगम में इंजीनियरों की आवश्यकता, वार्ड क्रमांक 57 स्थित शंकर नाला के एनीकट की चौड़ाई बढ़ाकर जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान करने सहित विभिन्न विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।



बैठक में कुलेश्वर साहू, कमल देवांगन,गोविंद्र देवांगन, सरस निर्मलकर, आशीष चन्द्राकर, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, भवन अधिकारी प्रकाश चंद थवानी, मो. सलीम सिद्दीकी, सहायक अभियंता संजय ठाकुर, हरिशंकर साहू, सुरेश केवलानी, पंकज साहू सहित नगर निगम के विभिन्न जोनों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### वार्ड-34 में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा, फेंक रहे कचरा

बैठक में वार्ड 34 स्थित आवासीय क्षेत्र में असामाजिक तत्वों द्वारा मलबा फेंके जाने पर रोक लगाने, सरस्वती नगर आवास की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल निर्माण, वार्ड क्रमांक 34 में नाली एवं पुलिया मरम्मत का प्राक्कलन तैयार करने, शास्त्री चौक तालाब के अतिरिक्त जल की निकासी को नाले से जोड़ने, गंजपारा रोड से नदी रोड जाने वाले मार्ग पर महावीर पार्क के समीप नाली को सीधा कर जल निकासी व्यवस्था सुधारने, अधोसंरचना मद से नाली, सड़क एवं बाउंड्रीवाल निर्माण तथा सभी वार्डों में डस्ट फिलिंग के लिए प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। चन्द्राकर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न हो तथा जिन कार्यों में अनावश्यक विलंब हो रहा है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर तत्काल प्रारंभ कराया जाए।

## बंद स्ट्रीट लाइटें हुईं चालू, प्रमुख मार्गों पर बढ़ी रोशनी

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई ने शहर में बेहतर प्रकाश व्यवस्था और नागरिकों के सुरक्षित आवागमन को ध्यान में रखते हुए बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों के संधारण एवं मरम्मत कार्य में तेजी लाई है। आयुक्त सुरूचि सिंह के निर्देश पर विभिन्न प्रमुख मार्गों की खराब स्ट्रीट लाइटों को सुधारकर पुनः चालू किया गया है, जिससे रात्रिकालीन आवागमन अब अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक हो गया है।

**पेज 9 के शेष**

### नाबालिग बेटी से ...

स्वयं को बचाया एवं अपने भाई के साथ गांव के दूसरे व्यक्ति के घर में जाकर रूके। मां के आने के बाद बेटी ने अपने पिता की करतूत बताई। बेटी के साथ हुए अनाचार से आहत मां ने गुण्डरदेही थाना पहुंच मामले में शिकायत दर्ज कराई।

### कुसुमकसा के 80 राशन ...

मशीन में अप्रैल माह के खाद्यान्न वितरण का विकल्प पुनः शुरू कर वंचित परिवारों को उनका राशन उपलब्ध कराने की मांग की है। वहीं, खाद्य निरीक्षक कल्याणी मरकाम ने बताया कि इस संबंध में उच्च कार्यालय को अवगत करा दिया गया है। जैसे ही पीओएस मशीन में अप्रैल माह के खाद्यान्न वितरण का विकल्प पुनः सक्रिय होगा, सभी पात्र हितग्राहियों को उनका राशन वितरित कर दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### आईटीआई गुण्डरदेही में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन 24 तक

**बालोद।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुण्डरदेही में रिक्त सीटो में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 24 जुलाई तक आमंत्रित की गई है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुण्डरदेही के प्राचार्य ने बताया कि संस्था में कोपा एनसीवीटी के 12 सीट, डीजल मैक एसीवीटी के 23 एवं वेल्डर के 29 सीट उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट पर 24 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही इस संबंध में अधिक जानकारी प्रभारी प्रशिक्षण अधिकारी मोहित कुमार साहू से भी संपर्क कर सकते हैं।

### डौंडीलोहारा में शाला प्रबंधन समिति का गठन

**डौंडीलोहारा।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। इस अवसर पर आयोजित बैठक में विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के पालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम एवं उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य वी. के. भंडारी ने की। बैठक में उपस्थित पालकों की सर्वसम्मति से नई शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। इस दौरान व्याख्याता प्रदीप कुमार मेश्राम ने शाला प्रबंधन समिति के गठन का उद्देश्य बताते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अभिभावक को प्रतिदिन बच्चों से विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी लेनी चाहिए तथा समय-समय पर विद्यालय पहुंचकर उनकी नियमित उपस्थिति एवं शैक्षणिक प्रगति की जानकारी प्राप्त करनी चाहिए। इससे बच्चों में नियमित रूप से विद्यालय आने और बेहतर अध्ययन करने की प्रेरणा मिलती है। बैठक के पश्चात सरस्वती साइकिल प्रदाय योजना के अंतर्गत कक्षा नवमी की नवप्रवेशित छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम एवं उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय ने छात्राओं को साइकिल की चाबी सौंपकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि शासन की यह योजना छात्राओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने तथा विद्यालय तक उनकी सुगम पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम में डी.आर. साहू, हेमंत साहू, भूपेंद्र पटेल, लोकेश्वर सिंह निषाद, एस. वैदे, एनुका सार्वा, पुष्पा कर्टेंद्र तथा सेवानिवृत्त व्याख्याता मदन लाल सिन्हा सहित विद्यालय परिवार एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डी.आर. साहू ने किया।

## निधन

### महेंद्र चन्द्राकर



**अंडा।** ग्राम चंदखुरी सडक पारा निवासी महेंद्र चन्द्राकर उम्र 45 वर्ष का 21 जुलाई को आकास्मिक निधन हो गया। वे कुछ दिनो से अस्वथ चल रहे थे। उसका अंतिम संस्कार गृह ग्राम चंदखुरी के मुक्ति धाम में किया गया। वे सारिका चन्द्राकर के पति व प्रियांशु, राजेंद्र चन्द्राकर के पिता थे।

---

**बैठक : विद्युत सुरक्षा के छह स्वर्णिम नियमों सहित सुरक्षित कार्य संस्कृति पर विशेष जोर**

# बीएसपी की खदानों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने पांच दिनी कार्यशाला जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



भिलाई इस्पात संयंत्र के सीजी ग्रुप ऑफ माइंस में खदानों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं दुर्घटनामुक्त बनाने की दिशा में शुरू की गई पांच दिवसीय माइन सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान (एमएसएमपी) – इम्प्लीमेंटेशन एवं रिव्यू प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला अब व्यावहारिक क्रियान्वयन के महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश कर गई है। 21 जुलाई से शुरू हुई इस कार्यशाला का उद्देश्य खदानों में सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली को सुदृढ़ करना, वैधानिक प्रावधानों का प्रभावी पालन सुनिश्चित करना तथा सुरक्षित कार्य संस्कृति को और मजबूत बनाना है।

■ माइन सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान के प्रभावी क्रियान्वयन पर अधिकारियों व पर्यवेक्षकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में कार्यपालक निदेशक (खदान) कमल भास्कर तथा मुख्य महाप्रबंधक (खदान) आर.बी. गहरवार ने कहा कि माइन सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान का प्रभावी क्रियान्वयन ही सुरक्षित, दुर्घटनामुक्त और सतत खनन संचालन की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों से सुरक्षा मानकों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

कार्यशाला के पहले दो दिनों में मेसर्स दत्ता माइनिंग कंसल्टेंसी के सुरक्षा विशेषज्ञ एवं पूर्व डीडीजी एस.के. दत्ता ने राजहरा मैकेनाइज्ड माइंस, दल्ली मैकेनाइज्ड माइंस, झरनदल्ली, महामाया, हिर्री, कलवर, रावघाट तथा नंदिनी चूना पत्थर खदान के अधिकारियों और वरिष्ठ पर्यवेक्षकों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में माइन सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान की तैयारी, प्रभावी क्रियान्वयन, नियमित समीक्षा तथा सतत सुधार की पूरी प्रक्रिया को व्यावहारिक उदाहरणों के साथ समझाया गया।

संवादात्मक प्रशिक्षण सत्रों के दौरान प्रतिभागियों की जमीनी स्तर से जुड़ी अनेक शंकाओं का समाधान किया गया। व्यावहारिक अनुभवों पर आधारित इस प्रशिक्षण से अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को अपने-अपने खदान क्षेत्रों में सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली को अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन मिला।

हाल ही में ओडिशा और झारखंड की खदानों में हुई विद्युत दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए कार्यशाला के दूसरे दिन खदानों में विद्युत सुरक्षा विषय पर विशेष तकनीकी सत्र आयोजित किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को विद्युत सुरक्षा के छह स्वर्णिम नियम विस्तार से बताए गए तथा विद्युत कार्यों के दौरान अपनाई जाने वाली सुरक्षित कार्य प्रणालियों पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों ने इस सत्र को अत्यंत उपयोगी और व्यवहारिक बताया।

प्रशिक्षण में शामिल अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों ने एस.के. दत्ता की अनुभव आधारित, सरल और व्यवहारिक प्रशिक्षण शैली की सराहना करते हुए कहा कि जटिल सुरक्षा अवधारणाओं को भी उन्होंने सहज एवं प्रभावी तरीके से समझाया, जिससे उन्हें वास्तविक कार्यस्थल पर सुरक्षा प्रबंधन लागू करने में काफी सहायता मिलेगी।

यह कार्यशाला माइन वेस्टिब्यूल ट्रेनिंग सेंटर (एमवीटीसी) राजहरा द्वारा प्रभारी बीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में तथा सेल सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन (एसएसओ) रांची के सहयोग से आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम का संचालन मुख्य महाप्रबंधक (खदान) आर.बी. गहरवार तथा कार्यपालक निदेशक (खदान) कमल भास्कर के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

कार्यशाला का अगला चरण 23 से 25 जुलाई तक दल्ली मैकेनाइज्ड माइंस, राजहरा मैकेनाइज्ड माइंस और नंदिनी चूना पत्थर खदान में आयोजित होगा। इस दौरान स्थल-आधारित हैंडहोल्डिंग सत्रों में प्रत्येक खदान के वर्तमान माइन सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान की विस्तृत समीक्षा की जाएगी, कमियों की पहचान कर उन्हें दूर करने के लिए व्यावहारिक सुझाव दिए जाएंगे तथा सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष कार्य किया जाएगा।

यह पहल सुरक्षित, उत्तरदायी और सतत खनन संचालन के प्रति सेल की प्रतिबद्धता को मजबूत करने के साथ-साथ खदानों में सुरक्षा संस्कृति को नई दिशा और नई मजबूती देने की महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

---

# एग्रीस्टैक पोर्टल में सभी खातों का पंजीयन कराएं किसान

**तभी मिलेगा शासकीय योजनाओं का पूरा लाभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासन के मंशानुरूप किसानों को शासकीय योजनाओं का समुचित लाभ प्राप्त करने हेतु भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए एग्रीस्टैक पोर्टल में किसानों को अपने प्रत्येक खातों का अनिवार्य रूप से पंजीयन कराना आवश्यक है। इसके अभाव में किसानों को अपने धान एवं अन्य फसलों के समर्थन मूल्य पर बिक्री के अलावा राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित किसान हितैषी योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाई होती है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के सभी किसानों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने हेतु निर्धारित समयावधि में अपने प्रत्येक खातों का एग्रीस्टैक पोर्टल में अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने की अपील की है। जिससे कि उन्हें धान एवं अन्य फसलों के समर्थन मूल्य पर बिक्री एवं शासन के विभिन्न किसान हितैषी योजना का लाभ लेने हेतु किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो सके। कलेक्टर मिश्रा ने भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए एग्रीस्टैक पोर्टल के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि एग्रीस्टैक पोर्टल एक डिजिटल कृषि मंच है। इसके तहत किसानों को विशिष्ट 11 अंकों की फार्मर आईडी दी जाती है। जो उनके आधार कार्ड एवं भूमि रिकार्ड से जुड़ी होती है।

■ फार्मर आईडी बनने से समर्थन मूल्य पर फसल बिक्री और पीएम किसान सहित कई योजनाओं का मिलेगा लाभ

एग्रीस्टैक पोर्टल का मुख्य उद्देश्य किसानों और कृषि से जुड़ी जानकारियों का केन्द्रीयकृत डाटाबेस तैयार करना है। उन्होंने इसके लाभ के संबंध में जोते हुए बताया कि किसानों के सभी खातों का एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन हो जाने से प्रधानमंत्री किसान योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और कृषि अनुदानों का लाभ सीधे पात्र किसानों को पारदर्शी तरीके से मिलता है। इसके अलावा एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन हो जाने से किसानों को खाद, बीज या सरकारी योजनाओं के लिए बार–बार पटवारी के चक्कर नही लगाने पड़ते और बार–बार दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नही पड़ती। उल्लेखनीय है कि बालोद जिला प्रशासन द्वारा इस संबंध में जिले के सभी किसानों एवं संयुक्त खाताधारकों के लिए आवश्यक सूचना जारी की गई है। जिससे वे समय रहते अपना पंजीयन सुनिश्चित करा सकें। जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए सूचना में बताया गया है कि यदि किसी एक ऋण पुस्तिका या खाते में 2, 3 या 4 लोगों के नाम दर्ज हैं, तो उन सभी संयुक्त खाताधारकों का अलग–अलग एग्रीस्टैक पंजीयन कराना अनिवार्य है। इसके अलावा जिन किसानों के नाम एक ही खाते में अलग–अलग खसरा नंबर दर्ज हैं, उन सभी संबंधित खाताधारकों को उन्हीं खसरा नंबरों पर अपना पंजीयन कराना होगा।

---

# प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से बड़ी राहत बिजली बिल घटकर पहुंचा 1500 रुपए तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना बालोद जिले के आम नागरिकों के जीवन में उजियारा फैलाने के साथ आर्थिक बचत का बड़ा माध्यम बन रही है। योजना का प्रत्यक्ष लाभ उठाते हुए जिले के गुरूर निवासी आशुतोष पंचागम ने अपने घर की छत पर 03 किलोवाट का सोलर पैनल स्थापित कराया है, जिसके सुखद परिणाम अब सामने आ रहे हैं। आशुतोष के घर पिछले 07 महीनों से यह सोलर पैनल सफलतापूर्वक कार्यरत है। उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि शुरुआती महीनों में उनका बिजली बिल बिल्कुल शून्य (जीरो) आया। वहीं, भीषण गर्मी के दिनों में जब एसी, पंखे और कूलर का अत्यधिक उपयोग होता था, तब आमतौर पर उनका बिजली बिल 8 से 10 हजार रुपये तक पहुंच जाता था। लेकिन सोलर पैनल लगने के बाद इस भीषण गर्मी के मौसम में भी उनका बिजली बिल भारी कटौती के साथ महज 1200 से 1500 रुपये ही आया। योजना की सरलता की तारीफ करते हुए आशुतोष ने बताया कि सोलर पैनल लगवाने की प्रक्रिया बेहद आसान और पारदर्शी है। आवेदन के बाद वेंडर द्वारा घर का भौतिक निरीक्षण किया गया और लोन व सब्सिडी से जुड़ी पूरी जानकारी दी गई। जिसके बाद बेहद कम समय में उनके घर पर पैनल स्थापित कर दिए गए। उन्हें इस योजना के अंतर्गत केंद्र और राज्य सरकार की ओर से कुल 01 लाख 08 हजार रुपये की सब्सिडी प्राप्त हुई है। बिजली बिल में इतनी बड़ी राहत और सरकार से मिली आर्थिक सहायता से उनका परिवार बेहद खुश है। योजना से मिली सहूलियत और बचत से उत्साहित होकर आशुतोष पंचागम ने जिले के अन्य नागरिकों से भी अपील की है कि वे आगे आएं और प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। यह योजना न केवल बिजली बिल का आर्थिक दबाव कम करती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में भी एक बेहतरीन कदम है।

■ 3 किलोवाट सोलर पैनल लगाने पर मिला 1.08 लाख रुपये का अनुदान : आशुतोष

---

# भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने भूपेश बघेल के आरोपों पर किया पलटवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा भाजपा और केंद्र सरकार पर लगाए गए अनर्गल आरोपों का कड़ा प्रतिवाद करते हुए इसे कांग्रेस का 'अराजकतावादी और अवसरवादी राजनीतिक नाटक' करार दिया है।

यशवंत जैन ने कहा कि बघेल जिस लोकतंत्र और संवाद की दुहाई दे रहे हैं, असल में कांग्रेस खुद उस लोकतंत्र की सबसे बड़ी हत्यारी रही है। सदन से लेकर सड़क तक हंगामा खड़ा करना और देश के युवाओं को गुमराह कर अपनी राजनीतिक रोटियाँ सेंकना कांग्रेस का पुराना चरित्र रहा है। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री जैन ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और सांसद प्रियंका वाड्रा द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवास के समक्ष धरना देना कोई लोकतांत्रिक विरोध नहीं, बल्कि देश में संवैधानिक संस्थाओं को नीचा दिखाने और अराजकता फैलाने की सुनियोजित साजिश है। बघेल द्वारा केंद्र सरकार को अलोकतांत्रिक बताने वाले बयान का करारा जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में युवाओं और छात्रें के साथ क्या हुआ, यह पूरा देश और छत्तीसगढ़ जानता है। जब कांग्रेस सत्ता में रहती है, तब युवाओं की आवाज दबाती है और जब विपक्ष में आती है, तो झूठी हमदर्दी का नकाब पहनकर राजनीति करती है। छात्रें के आंदोलन और आत्महत्या के आँकड़ों पर राजनीति करने के बघेल के आरोपों को खारिज करते हुए श्री जैन ने कहा कि संवेदनशील मुद्दों पर लाशों की राजनीति करना कांग्रेस की पुरानी फितरत है।

■ कांग्रेस पर लोकतंत्र को कमजोर करने और अराजक राजनीति करने का लगाया

केंद्र की भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य, शिक्षा और रोजगार की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और नियम–कानून के तहत हर मुद्दे का समाधान निकाल रही है। देश और प्रदेश की जनता कांग्रेस के इस 'नौटंकी चक्रव्यूह' को भली–भाँति समझ चुकी है। उन्होंने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से लेकर बघेल तक को नसीहत दी कि वे देश में संवैधानिक व्यवस्थाओं को चुनौती देना और अराजकता का माहौल बनाना बंद करें, क्योंकि जनता अब उनके इस अराजक राजनीतिक चेहरे को पूरी तरह खारिज कर चुकी है।

---

# गुरेदा स्कूल में छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुरेदा में नवगठित छात्र परिषद के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य बिसन कुमार नेश्राम ने सभी चयनित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। छात्र परिषद में तोषण निषाद को शालानायक, कुमकुम देशमुख को उपशालानायक, चंद्रकला को छात्रा प्रतिनिधि, हिना साहू को सांस्कृतिक सचिव, किरण देवांगन को उप सांस्कृतिक सचिव, मीनाक्षी को क्रीड़ा सचिव तथा मोहित कुमार को उप क्रीड़ा सचिव चुना गया। वहीं पुष्पेंद्र एवं केसरी को इको क्लब एवं बागवानी प्रभारी, लेमन साहू और तनीषा सागर को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रभारी तथा डिलेश्वर एवं कुमकुम हिरवानी को अनुशासन सचिव का दायित्व सौंपा गया। छात्र परिषद के गठन में व्याख्याता पुष्पा मंडरिक एवं सभी कक्षा शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, जिम्मेदारी और समाज सेवा की भावना का विकास करना है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार एवं हामर सेकेंडरी गुरेदा के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

■ विद्यार्थियों में नेतृत्व, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने पर दिया गया जोर

---

**पालकों की सक्रिय भागीदारी से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर दिया गया जोर**

# खरथुली स्कूल में पालक-शिक्षक बैठक, शिक्षा की गुणवत्ता और अनुशासन पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खरथुली में कक्षा नवमी से बारहवीं के छात्र, छात्रओ के पालको का शिक्षकों के साथ बैठक आयोजित किया गया। बैठक में अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति गौराम पिस्दा, सरपंच हरखराम खरे, मानसिंह तारम ने मां सरस्वती, मां भारती, के तेल चित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गौराम पिस्दा ने पालको से शिक्षा गुणवत्ता सुधारने पर छात्र, छात्रओ विद्यालय स्टाफ के साथ सभी पालको को समन्वय बनाने हेतु चर्चा किया। सरपंच ने सभी छात्र, छात्रओ के सवांर्गीण विकास में पालको की भूमिका पर प्रकाश डाला। मानसिंह तारम ने आगामी सत्र में उच्च अंक प्राप्त करने हेतु अभी से कड़ी मेहनत करने हेतु प्रेरित किये। विद्यालय के प्रचार्य घनाराम देशमुख ने कहा अनुशासन ही देश को महान बनाता है, विद्यालय में पालको की सहभागिता और ग्राम स्तर पर पालक, बालक, पालक की समन्वय कर महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा किया जा सकता है, सभी अनुशासन में रहकर विद्यालय के सभी गतिविधियों में अग्रणी रहे।

कार्यक्रम मे मुख्य रूप से माहेश्वरी भुआर्य, सुलैना निषाद, कीर्ति देशलहरे, संजय मिश्रा ने कहा कि आज का आपका निर्णय केवल वर्तमान को नहीं, आने वाले भविष्य में सफलता की दिशा को भी तय करेगा। कार्यक्रम मे पालक गेंदलाल, नामदेव रात्रे, थलेश्वरी, रूपेश कुमार, राकेश कुमार, नीरज ठाकुर, कौशल पिस्दा, लोकेश खरे, जितेंद्र कुमार, तिजुराम, देवधर, कन्हैयालाल, ममता साहू, मालति बाई, सावित्री, रामदयाल बंजारे, कीर्तन राम देवांगन, दिलेन्द्र साहू, भागवत चतुर्वेदी, गजेंद्रपुरी गोस्वामी, राजेश साहू, होरीलाल पटेल, डामेंद्र साहू, खेमलाल ठाकुर, हरीश रावटे, लालेश्वर ठाकुर, रेखा देशमुख, सरोज ठाकुर, यसोदा नायक, इंदु वर्मा, मनोहर सिन्हा, भोज भुआर्य, नीता उर्वसा का सहयोग रहा। कार्यक्रम में कक्षाचार्य रेखा देशमुख, डामेंद्र साहू, सरोज ठाकुर, राजेश साहू ने विशेष रूप से उपस्थित सभी पालको एवं छात्र छात्रओ से संवाद कर उनके शैक्षिक गतिविधियों के साथ व्यवहारिक एवं नैतिक गुणों की चर्चा किया। कार्यक्रम का संचालन गजेंद्रपुरी गोस्वामी ने किया।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ, पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी नेत्र रोग विशेषज्ञ, फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### दहेज के लिए प्रताड़ित करने वाले दो गिरफ्तार



**भिलाई।** दहेज के लिए प्रताड़ित करने वाले दो ससुरालियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि ग्राम सहगांव नंदिनी निवासी नवविवाहिता को ससुराल वाले दहेज का डिमांड कर प्रताड़ना करते थे। इससे परेशान होकर विवाहिता ने आत्महत्या जैसे घातक कदम उठाया। मामले की जांच के बाद नंदिनी पुलिस ने अपने निवास से फरार चल रहे युवराज पटेल ,प्रकाश पटेल को ग्राम सिमगा से पकड़ा है। दोनों नंदिनी थाना क्षेत्र के रहने वाले है। उक्त कार्रवाई में एसडीओपी धमधा के मार्गदर्शन में नंदिनी पुलिस और कर्मियों ने फरार आरोपी को पकड़ने के लिए मुखबिर को तैयार कर जगह-जगह दबिश दिया। सूचना मिलने पर तुंरत दोनों को गिरफ्तार किया है।

### पीएमश्री स्कूल सम्बलपुर में बाल कैबिनेट व ग्रीन क्लब का गठन

**डौंडीलोहारा।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला सम्बलपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बाल कैबिनेट एवं ग्रीन क्लब का गठन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, जिम्मेदारी तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा।बाल कैबिनेट के गठन में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसमें करण को प्रधानमंत्री, भाग्यश्री को उपप्रधानमंत्री, लक्ष्य उर्वशा को शिक्षा मंत्री, भूमि को उप शिक्षा मंत्री, जश कुमार को खेल मंत्री, रितिका को उप खेल मंत्री, फनीष कुमार को स्वास्थ्य मंत्री, दीक्षा को उप स्वास्थ्य मंत्री, होनेश को सफाई मंत्री, रानी को उप सफाई मंत्री, पुष्पेंद्र को सांस्कृतिक मंत्री, श्रुति को उप सांस्कृतिक मंत्री, पियांसु को उद्यान मंत्री तथा अनन्या को उप उद्यान मंत्री चुना गया। इसके साथ ही विभिन्न कक्षाओं के कक्षा नायक एवं उपनायकों का भी चयन किया गया। पर्यावरण संरक्षण की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रीन क्लब का भी गठन किया गया। इसमें पृथ्वी, जल, वायु, आकाश एवं अग्नि समूह बनाकर विद्यार्थियों को समूह प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई। पृथ्वी समूह का नेतृत्व करण कुमार एवं भूमि पटेल, जल समूह का अनन्या एवं हर्षित कुमार, वायु समूह का राजेश कुमार एवं हेमीन, आकाश समूह का दुष्यंत तथा अग्नि समूह का भारती पटवा एवं पूर्वी को सौंपा गया। नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई। बाल कैबिनेट एवं ग्रीन क्लब गठन की प्रक्रिया शिक्षक अनिल दिल्लीवार एवं बसंती पीकेश्वर के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इस अवसर पर प्रधान पाठक वीणा ठाकुर, सुनीता साहू, बसंती पीकेश्वर, अनिल दिल्लीवार एवं राबिन नागवंशी सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि बाल कैबिनेट एवं ग्रीन क्लब के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व, अनुशासन, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना और अधिक सुदृढ़ होगी।

**मांग : प्रदेश के 3700 से अधिक स्वास्थ्य अधिकारियों को उचित वेतनमान दिलाने की मांग**

# सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने वेतनमान प्रकरण की जांच की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ प्रदेश सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ के निर्देशन में जिला सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा तथा वेतनमान प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच एवं दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की।

छत्तीसगढ़ प्रदेश सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ के आह्वान पर 22 जुलाई को प्रदेश के सभी जिलों में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष देवानंद रात्रे द्वारा शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से रैली निकालकर जिला कलेक्ट्रेट के माध्यम से मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

संघ द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि राज्य स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के वेतनमान के संबंध में लिए गए विधिवत निर्णय स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश तथा भारत सरकार के प्रचलित दिशा–निर्देशों के बावजूद भारत सरकार को भिन्न प्रस्ताव भेजा गया, जिसके कारण प्रदेश के लगभग 3700 से अधिक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आज भी उचित वेतनमान से वंचित हैं।



संघ ने बताया कि भारत सरकार की आयुशमान भारत एवं हेल्थ, वेलनेश, सेंटर ओपरेंशन गाईड लाईन के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए 25,000 प्रतिमाह निश्चित मानदेय तथा कार्य आधारित प्रोत्साहन राशि का प्रावधान है। वहीं राज्य स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय ने भी वित्तीय वर्ष 2026–27 की वार्षिक कार्ययोजना में वेतनमान पुनर्निर्धारण संबंधी प्रस्ताव को अनुमोदित किया था। इसके बावजूद भारत सरकार को पूर्ववत वेतनमान का प्रस्ताव भेजे जाने से गंभीर प्रशासनिक प्रश्न खड़े हो रहे हैं।

संघ के अनुसार सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त अभिलेखों, शासी निकाय की बैठक के कार्यवृत्त तथा भारत सरकार द्वारा जारी रिकॉर्ड ऑफ प्रोसीडिंग्स के अध्ययन से यह प्रतीत होता है कि भारत सरकार ने राज्य से प्राप्त प्रस्ताव को ही स्वीकृति प्रदान की है। ऐसी स्थिति में वेतनमान संशोधित नही होने के कारण भारत सरकार द्वारा प्रस्ताव अस्वीकृत किया जाना नहीं, बल्कि राज्य स्तर से अनुमोदित निर्णय के अनुरूप प्रस्ताव प्रेषित नहीं किया जाना प्रतीत होता है। यदि जांच में इसकी पुष्टि होती है तो यह शासन के निर्णयों की अवहेलना, प्रशासनिक उत्तरदायित्व के उल्लंघन तथा हजारों कर्मचारियों के वैधानिक हितों को प्रभावित करने वाला गंभीर विषय होगा।

संघ ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि संपूर्ण प्रकरण की मुख्य सचिव स्तर अथवा किसी स्वतंत्र वरिष्ठ अधिकारी से उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए, शासी निकाय के निर्णय के विपरीत प्रस्ताव भेजने के लिए उत्तरदायी अधिकारियों की जवाबदेही निर्धारित कर उनके विरुद्ध प्रचलित सेवा नियमों के अंतर्गत अनुशासनात्मक एवं वैधानिक कार्रवाई की जाए तथा अनुपूरक पीआईपी के माध्यम से शासी निकाय द्वारा अनुमोदित वेतनमान संबंधी प्रस्ताव भारत सरकार को तत्काल पुनः प्रेषित किया जाए। संघ ने यह भी मांग की है कि भारत सरकार के दिशा–निर्देशों एवं शासन के निर्णयों के अनुरूप सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का वेतनमान पुनर्निर्धारित कर देय अंतर राशि सहित समस्त लाभ प्रदान किए जाएं तथा भविष्य में शासन के अनुमोदित निर्णयों में किसी भी स्तर पर अनाधिकृत परिवर्तन रोकने हेतु प्रभावी निगरानी एवं जवाबदेही व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

छत्तीसगढ़ प्रदेश सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ प्रदेश अध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार ने कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध नहीं, बल्कि शासन के विधिवत निर्णयों के सम्मान, प्रशासनिक पारदर्शिता, उत्तरदायित्व, सुशासन तथा प्रदेश के हजारों सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के वैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए किया जा रहा है। ज्ञापन देने रुखसाना, ऋषि साहू, पूजा साहू, पूरबी, किरण, रजनी, माधवी एवं जिला के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित थे।

# गोरकापार स्कूल में 29 छात्राओं को बांटी साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी ने छात्राओं को सौंपी साइकिल की चाबी
- बेटियों की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए सरस्वती साइकिल योजना बनी मील का पत्थर



ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने और उन्हें निर्बाध रूप से स्कूल आने–जाने की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित सरस्वती सायकल योजना के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोरकापार में सायकल वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में कक्षा 9वीं की 29 छात्राओं को निःशुल्क सायकल प्रदान की गई, जिससे उनके चेहरे पर खुशी और उत्साह साफ देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर शामिल हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, सरपंच रामेश्वरी चंद्राकर, पांगरी सरपंच प्रमोद पटेल, शाला विकास समिति के अध्यक्ष रोहित खरे,उपसरपंच भीखम लखेरा, संस्था के प्राचार्य उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि एवं जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि वर्ष 2003 से पहले ग्रामीण अंचलों में साधन और सुविधा के अभाव में बेटियां 8वीं कक्षा के बाद अपनी पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाती थीं। लेकिन भाजपा की सरकार बनते ही तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने बेटियों के दर्द को समझा और उन्हें शिक्षा से वंचित न होना पड़े, इसके लिए ऐतिहासिक सरस्वती सायकल योजना की शुरुआत की। इसी योजना की बदौलत आज हमारी बेटियां हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी की पढ़ाई पूरी कर रही हैं और उच्च शिक्षा ग्रहण कर हर क्षेत्र में परचम लहरा रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने हमेशा बालिका शिक्षा को प्राथमिकता दी है और बेटियों को सशक्त बनाने के लिए लगातार जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने अपने हाथों से 29 छात्राओं को सायकल की चाबी सौंपी। सायकल मिलते ही छात्राओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें दूर–दराज से पैदल स्कूल आने–जाने की समस्या से मुक्ति मिलेगी और उनका समय भी बचेगा, जिसका उपयोग वे अपनी पढ़ाई में कर सकेंगी। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर एवं सरपंच रामेश्वरी चंद्राकर ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्राओं को मन लगाकर पढ़ने और भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, समस्त शिक्षक–शिक्षिकाएं, शाला विकास समिति के सदस्य, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन तथा विद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

# अछोली में शाला प्रबंधन समिति का गठन, रामेश्वर बेलसरिया बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- विद्यालय के विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में अभिभावकों की सहभागिता पर दिया गया जोर





शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुरूप स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय अछोली में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नई शाला प्रबंधन समिति (एसएमसी) का गठन किया गया। समिति के गठन का उद्देश्य विद्यालय के समग्र विकास, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार तथा समुदाय और अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना है। गठित कार्यकारिणी समिति में कुल 25 सदस्यों को शामिल किया गया है। सर्वसम्मति से रामेश्वर बेलसरिया को समिति का अध्यक्ष तथा रीना बनपेला को उपाध्यक्ष चुना गया। आरटीई के प्रावधानों के अनुसार समिति में 75 प्रतिशत सदस्य विद्यार्थियों के माता-पिता एवं अभिभावक हैं, जबकि 50 प्रतिशत से अधिक महिला सदस्यों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है। विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता विजय कुमार गाँवरे समिति के पदेन सचिव होंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आर.एल. तारम ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एक सक्रिय एवं सक्षम शाला प्रबंधन समिति विद्यालय के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

उन्होंने कहा कि अभिभावकों और समुदाय की सहभागिता से विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति तथा सीखने के स्तर में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जा सकेगा। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों एवं समिति के सदस्यों ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा विद्यार्थियों के हित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# सरपंच संघ ने पंचायतों में ठेकेदारी प्रथा पर रोक लगाने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

- डीएमएफ कार्यों में ग्राम पंचायतों की भूमिका सुनिश्चित करने पर बनी सहमति

जनपद पंचायत डोंडी के सभागार में सरपंच संघ की बैठक आयोजित हुई, जिसमें ग्राम पंचायतों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर कई महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए।

बैठक में पंचायतों में ठेकेदारी प्रथा को पूर्ण रूप से समाप्त करने का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही तय किया गया कि ग्राम विकास के लिए जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) निधि से कार्य स्वीकृति हेतु प्रस्ताव केवल जिलाधीश को भेजे जाएंगे और उसकी प्रति मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत डोंडी को दी जाएगी। निर्माण कार्यों के लिए किसी अन्य व्यक्ति को प्रस्ताव नहीं देने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में यह भी तय हुआ कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के पुराने कार्यों की सामग्री राशि का भुगतान होने तक विकसित भारत ग्राम योजना के नए कार्य शुरू नहीं किए जाएंगे। निर्माण कार्यों के समय पर सत्यापन एवं मूल्यांकन तथा बैंकों में राशि आहरण के दौरान आ रही समस्याओं के समाधान के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी से चर्चा करने पर सहमति बनी। इसके अलावा विश्व आदिवासी दिवस के जिला स्तरीय आयोजन में सरपंच संघ की ओर से सहयोग करने का निर्णय लिया गया। बैठक में संरक्षक रेवा रावटे, अध्यक्ष ममता मंडावी सहित चित्रकांत ठाकुर, तुलसी मरकाम, यश राणा, हलधर गोरे, चंद्रलेखा पायला एवं अन्य सरपंच उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत कौशल विकास और स्वावलंबन पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

- कौशल, नवाचार और तकनीकी दक्षता से ही विकसित भारत–2047 का सपना होगा साकार









शैलदेवी महाविद्यालय, अण्डा में 22 जुलाई को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में कौशल विकास एवं स्वावलंबन विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. प्रदीप कुमार घोष, कुलपति, सी. वी. रमन विश्वविद्यालय, बिलासपुर तथा विशिष्ट अतिथि राजन कुमार दुबे, संचालक, शैलदेवी महाविद्यालय रहे। अध्यक्षता डॉ. रजनी राय, संयुक्त संचालक, शैलदेवी महाविद्यालय ने किया।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. एन. मिश्रा के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए उनके शैक्षणिक एवं प्रशासनिक योगदान का उल्लेख किया तथा महाविद्यालय की गौरवशाली परंपरा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित शैक्षणिक गतिविधियों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया।अपने प्रेरक उद्बोधन में प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को कौशल सम्पन्न, आत्मनिर्भर एवं रोजगारोन्मुख बनाना है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए युवाओं में कौशल, नवाचार, उद्यमिता और तकनीकी दक्षता का विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सी. वी. रमन विश्वविद्यालय प्रदेश के अग्रणी विश्वविद्यालयों में है, जहां लगभग 57 हजार स्किल सेंटर युवाओं के कौशल विकास के लिए कार्यरत हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं को केवल शासकीय सेवाओं तक सीमित न रखें, बल्कि अपनी प्रतिभा एवं कौशल को निखारकर स्वरोजगार, स्टार्टअप तथा निजी क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों का भी लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, कंप्यूटर तकनीक एवं आधुनिक सॉफ्टवेयर कार्य संस्कृति में व्यापक परिवर्तन ला रहे हैं। इन तकनीकों का समुचित उपयोग कर युवा नए रोजगार के अवसर सृजित कर सकते हैं तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।कार्यक्रम का प्रभावी संचालन जितेश मिश्रा ने किया तथा अंत में उप प्राचार्य डॉ. रश्मि पाण्डेय ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। यह व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी, ज्ञानवर्धक एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना को व्यवहारिक रूप से समझने का सशक्त माध्यम सिद्ध हुआ।

### शटर का ताला तोड़कर 60 हजार किया पार

**भिलाई।** शटर का ताला तोड़कर दुकान से नगदी रकम पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि कोहका कुरूद रोड पर पी मिश्रा एण्ड इलेक्ट्रानिक्स संचालक सुमंत कुमार मिश्रा है। घटना की रात दुकान बंद कर शटर में ताला जड़कर संचालक घर निकल गया। 19 जुलाई की सुबह दुकान खोलने पहुंचा तो दुकान का पीछे का शटर टूटा पड़ा मिला। दुकान के भीतर गल्ले में रखे गए नगदी 60 हजार रुपए गायब मिला।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मरसा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**कृषि व मत्स्य पालन से आय बढ़ाने पर जोर**

# डौंडी में 85 आजीविका डबरी हितग्राहियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

- जनपद पंचायत डौंडी में आजीविका डबरी हितग्राहियों का उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



जनपद पंचायत डौंडी में विकसित भारत ग्रामीण गारंटी योजना के अंतर्गत निर्मित 85 आजीविका डबरी के हितग्राहियों, कृषि सखियों एवं पशु सखियों के लिए आजीविका डबरी उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य निर्मित डबरियों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना, हितग्राहियों की आय में वृद्धि करना तथा कृषि, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं उद्यानिकी गतिविधियों को बढ़ावा देना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशु चिकित्सा विभाग एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने डबरी आधारित बहुआयामी आजीविका, उन्नत कृषि तकनीक, मछली पालन, पशुपालन, बागवानी तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाकर आजीविका डबरियों को आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत डौंडी के अध्यक्ष मुकेश कौड़ो, मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी.डी. मंडले, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के विकासखंड परियोजना प्रबंधक, जनपद सदस्य, सरपंच तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने हितग्राहियों से प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को व्यवहार में लाकर आजीविका के नए अवसर विकसित करने और आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया।

प्रशिक्षण के समापन पर हितग्राहियों ने विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया तथा आजीविका डबरियों के माध्यम से कृषि एवं संबद्ध व्यवसाय अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने का संकल्प लिया।

online Booking:-www.tripuryatra.com





30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर,01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411